# सार्वजनिक समस्याओं के समाधान हेतु मानगो नगर निगम द्वारा उठाये जा रहे महत्वपूर्ण कदम।

## मानगो निगम क्षेत्र में चला फॉगिंग अभियान



**जमशेदपुर.** मानगो नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर फॉगिंग का भी कार्य कराया जा रहा है. साथ ही सोडियम हाइपोक्लोराइट से सैनिटाइजेशन भी किया जा रहा है. सोमवार को कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय के निर्देशानुसार मानगो गुरुद्वारा रोड, डिमना बस्ती कालिका नगर, बालीगुमा, हिलव्यू कॉलोनी आदि क्षेत्रों में फॉगिंग कराया गया. नगर प्रबंधक को प्रतिदिन के फॉगिंग किये जाने वाले क्षेत्रों का रूट वाइज स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है.

## शिकायत के 24 घंटे के अंदर होगी स्ट्रीट लाइट की मरम्मत



**जमशेदपुर.** मानगो नगर निगम में स्ट्रीट लाइट खराब होने की शिकायत मिलने के 24 घंटे के अंदर मरम्मत कार्य होगा. निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने प्राप्त शिकायत के आधार पर मरम्मत करने का आदेश दिया है. कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देशानुसार मॉनसून को देखते हुए स्ट्रीट लाइट मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर निगम क्षेत्र में कराया जा रहा है. सोमवार को नगर निगम क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस रोड, बालीगुमा क्षेत्र, गोकुल नगर आदि क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट की मरम्मत की गयी.



## मानगो निगम में सफाई अभियान हुआ तेज

**जमशेदपुर.** मानगो नगर निगम में साफ-सफाई का कार्य मॉनसून को देखते हुए तेज कर दिया गया है. निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय के निर्देशानुसार निगम क्षेत्र में साफ-सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है. प्रतिदिन कचरा का उठाव के उपरांत ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी कराया जा रहा है. कार्यपालक पदाधिकारी ने कार्य में लगे सभी सफाई संवेदकों को साफ-सफाई कार्य प्रतिदिन नियमित ढंग से पूरा करने अन्यथा कार्रवाई की चेतावनी दी है. सोमवार को कार्यपालक पदाधिकारी ने ओल्ड पुरुलिया रोड, डिमना रोड एवं अन्य क्षेत्रों में कचरा उठाव एवं साफ-सफाई कार्य का जायजा लिया.

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA